p>

Title: Request to extend the Train No. 13206, 12204 and 13164 till Supaul, Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । यहां कई वर्षों से आमान परिवर्तन के चलते रेल चलाचल बंद है । इसी 1 दिसम्बर को सुपौल से एक पैसेंजर ट्रेन का शुभारंभ हुआ । इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि सुपौल को भारत के अन्य क्षेत्रों से जोड़ने के लिए तीन ट्रेन वहां तक चलायी जाएं । पहली ट्रेन जो पटना से होकर सहरसा जाती है, उसका ट्रेन नंबर 13206 है । इसको सुपौल तक एक्सटेन्ड किया जाए । दूसरी ट्रेन, जो गरीब रथ है, उसका नंबर 12204 है । यह नई दिल्ली से सहरसा जाती है । तीसरी ट्रेन सहरसा कोलकाता हाटे बाजार एक्सप्रेस है, जिसका नंबर 13164 है । यह ट्रेन कोलकाता से सहरसा तक जाती है । इन तीनों ट्रेनों को सहरसा से सुपौल तक चलाया जाए । सहरसा से सुपौल तक की दूरी मात्र 27 किलोमीटर है । इन ट्रेनों को सुपौल तक एक्सटेन्ड किया जाए ।